# मानगो नगर निगम ने डे-एनयूएलएम योजना में हासिल की बड़ी उपलब्धि

DAY-NULM
Deendayal Antyodaya Yojana-National Urban Livelihoods Mission

## वित्तीय वर्ष 2021-22 में सभी घटकों का लक्ष्य 100% किया पूर्ण

### डे एनयूएलएम योजना के सभी घटक का लक्ष्य पूर्ण

**जमशेदपुर.** मानगो नगर निगम ने डे एनयूएलएम के तहत वित्तीय वर्ष 2021 22 में सभी घटक के लक्ष्य को पूर्ण कर लिया है. इसको लेकर कार्यपालक पदाधिकारी दीपक सहाय ने सीएमएमयू कोषांग के सभी कर्मियों को बधाई दी. इस योजना के तहत कौशल प्रशिक्षण, स्वयं सहायता समूह का गठन, बैंकों में खाता खोलने संबंधी कार्य, सेल्फ एंप्लॉयमेंट प्रोग्राम, स्वयं सहायता समूह के क्रेडिट लिंकेज का कार्य आदि घटकों का लक्ष्य 100% पूर्ण किया गया.

### आजीविका मिशन की योजनाओं का लक्ष्य पूरा

**जमशेदपुर:** एनयूएलएम योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2021 22 में सभी घटक के लक्ष्य को पूर्ण किए जाने पर कार्यपालक पदाधिकारी दीपक सहाय ने सीएमएमयू कोषांग के सभी कर्मियों को बधाई दी है. दरअसल, नगर विकास विभाग झारखंड सरकार रांची एवं केंद्र सरकार के द्वारा संचालित दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत नगर निगम में चलने वाले सभी योजनाओं का लक्ष्य इस वित्तीय वर्ष पूरा कर लिया है. इस योजना के तहत कौशल प्रशिक्षण, स्वयं सहायता समूह का गठन बैंकों में खाता खोलने संबंधी कार्य ,सेल्फ एंप्लॉयमेंट प्रोग्राम ,स्वयं सहायता समूह के क्रेडिट लिंकेज का कार्य,स्वयं सहायता समूहों को रिवाल्विंग फंड देने संबंधी कार्य किए जाते है. कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया विभाग द्वारा लक्ष्य दिए गए लक्ष्य को पूर्ण किया गया. इस योजना के तहत सभी घटक के अंतर्गत लगभग 4000 से 5000 लोगों को योजना से जुड़ने का अवसर मिला. एवं कई लोगों को योजना का लाभ प्राप्त हुआ. सीएमएमयू कोषांग के कार्यरत सीओ और सीआरपी नगर निगम क्षेत्र के स्लम बस्तियों में, आसपास के अन्य क्षेत्रों में जाकर शहरी गरीब महिलाओं पुरुषों को योजना की जानकारी दी एवं योजना से जोड़ा गया.

नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड सरकार

Toll free no.: 1800-120-2929 | Website : www.dmajharkhand.in | Follow us on : @JharkhandDMA